दिन– बुधवार दिनांक– 15 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश के दो सौ ग्यारह नये डिग्री महाविद्यालयों में पठन पाठन का किया शुभारंभ। कहा – भागलपुर में खुलेगा एआई और कम्प्यूटर विश्वविद्यालय।

02. राज्य मंत्रिपरिषद ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए बिहार ग्राम पंचायत कर, दर और शुल्क नियमावली दो हजार छब्बीस को मंजूरी दी।

03. सीतामढ़ी जिले के टकोर गांव से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार। पाकिस्तान से संपर्क की हुई पुष्टि।

04. और, नेपाल में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक नदी उफान पर। वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी छत्तीस फाटक खोले गए।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रदेश के दो सौ ग्यारह प्रखंडों में नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में आज से पठन–पाठन की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर जिले के कासिल गांव में आयोजित समारोह के दौरान इन महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटर की उच्च शिक्षा के लिए अत्याधुनिक विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की।

––साउंड बाइट––

श्री चौधरी ने कहा कि सरकार शिक्षा के साथ–साथ रोजगार उपलब्ध कराने पर भी ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत छूटी हुई पात्र महिलाओं के खाते में पच्चीस जुलाई को पहली किस्त की राशि भेज दी जाएगी।

––साउंड बाइट––

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एक साथ दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य का शुभारंभ किया।

——साउंड बाइट——

नये डिग्री महाविद्यालयों में पहले सत्र में छह विषयों अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की पढ़ाई होगी। इन महाविद्यालयों में अब तक साठ हजार से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। नवस्थापित महाविद्यालयों में संबंधित विश्वविद्यालयों की ओर से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं, इन महाविद्यालयों में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के जरिये तीन हजार छह सौ से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर भी मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने राज्य में एक साथ दो सौ ग्यारह डिग्री महाविद्यालयों की शुरूआत को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नये महाविद्यालयों की स्थापना से राज्य के युवाओं को उच्च शिक्षा का बेहतर अवसर उपलब्ध होगा।

———————————————————————————

राज्य मंत्रिपरिषद ने बिहार ग्राम पंचायत कर, दर और शुल्क नियमावली, दो हजार छब्बीस को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। नई नियमावली के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा लगाए जाने वाले कर, दर और शुल्क की अधिकतम सीमा तथा उनके निर्धारण और वसूली की प्रक्रिया तय की गई है। नियमावली में होल्डिंग, पंचायत क्षेत्र में व्यापार और उद्योग, पंचायत की ओर से दी जाने वाली सेवाओं तथा अन्य शुल्क से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई नियमावली लागू होने से ग्राम पंचायतों को कर और शुल्क की वसूली में आसानी होगी। इससे पंचायतों की स्वयं की आय (ओएसआर) बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने मोटर वाहन टैक्स में बदलाव को मंजूरी दे दी है।

——साउंड बाइट——

कैबिनेट ने बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन के स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत राज्य में एआई से संबंधित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोले जायेंगे। बैठक में केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन, अमृत–टू प्वाइंट–ओ के तहत खगड़िया, सीतामढ़ी और समस्तीपुर में जलापूर्ति परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पश्चिम चंपारण जिले में समेकित थारू विकास अभिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं की अवधि वित्तीय वर्ष दो हजार तीस – इकतीस तक बढ़ा दी है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने राज्य की काराओं में अनुबंध के आधार पर नियोजित भूतपूर्व सैनिक सह–कक्षपालों का मासिक मानदेय अठारह हजार आठ सौ रुपये से बढ़ाकर तीस हजार रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। साथ ही कैबिनेट ने जेल में बंद कैदियों की प्राकृतिक मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम आश्रित को मुआवजा भुगतान के लिए नीति बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

————————————————————————

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय खोल जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यटकीय सुविधाओं को विस्तार देना है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गुप्त ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में बिहार आने वाले पयर्टकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विदेशी पर्यटकों के मामले में राज्य देशभर में नौवें स्थान पर पहुंच गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री होम स्टे योजना के माध्यम से बीस लाख युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करने का लक्ष्य है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के गाढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत टकोर गांव से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के इनपुट पर सीतामढ़ी पुलिस ने ये गिरफ्तारी की है। पुलिस के अनुसार इनके पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से संपर्क की पुष्टि हुई है। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए हैं तथा उनके डिजिटल संपर्कों की जांच की जा रही है।

————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचरा भवन के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक दारोगा का पिस्टल और मोबाईल छीनकर भागने की कोशिश कर रहा एक अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। घायल अपराधी का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

राज्यपाल सह– कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने आज नालंदा स्थित ह्वेन त्सांग स्मारक परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने नालंदा की अकादमिक विरासत को विश्व की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए नव नालंदा महाविहार के प्रयासों की सराहना की तथा संस्थान की भावी योजनाओं में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

———————————————————————

जाने–माने शिक्षक और जनसुराज नेता डॉक्टर के.सी. सिन्हा भाजपा में शामिल हो गए हैं। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। डॉक्टर सिन्हा ने पिछले विधानसभा चुनाव में जनसुराज के टिकट पर कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। वहीं, जनसुराज नेता बिट्टू सिंह और गोपाल सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

———————————————————————

स्किल इंडिया मिशन की आज ग्यारहवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार पंद्रह में इस मिशन की शुरुआत की थी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से कौशल विकास अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को एआई, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में भी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

———————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान जिले के महाराजगंज में सबसे अधिक इक्यासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज

पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है।

——साउंड बाइट——

इधर, समस्तीपुर जिले के सरायरंजन के मूसापुर में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं, गया जिले में बिजली गिरने की घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र गंभीर रूप से झुलस गए।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुयी है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी छत्तीस फाटक खोल दिये गए हैं। आज बराज से एक लाख इक्यासी हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

——साउंड बाइट——

गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सभी अभियंताओं की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। विभाग ने तटबंधों और संवेदनशील स्थलों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, जिला प्रशासन ने गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही, एहतियात के तौर पर नदी किनारे बसे लोगों को सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

इधर, शिवहर में बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर से निचले इलाकों में पानी फैलने लगा है। सीतामढ़ी में भी बागमती नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि पलासी और सिकटी प्रखंड में बकरा और रतवा नदी लगातार कटाव कर रही है। इससे निचले इलाकों में पानी फैलने का खतरा बढ़ गया है। कोसी नदी का जलस्तर भी खगड़िया में लगातार बढ़ रहा है।

———————————————————————

जाने–माने फुटबॉल खिलाड़ी शिव कुमार दत्ता का आज अड़सठ वर्ष की उम्र में कोलकाता में निधन हो गया। वे बिहार की ओर से संतोष ट्रॉफी खेल चुके थे।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत परवाहा में पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिला अंतर्गत जीटी रोड स्थित टोल प्लाजा के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कंटेनर से तीस मवेशियों को बरामद किया है। इस मामले में चार तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

---

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र से एसएसबी, एसटीएफ और बिहार पुलिस की टीम ने एक तस्कर को एक सौ नौ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश के दो सौ ग्यारह नये डिग्री महाविद्यालयों में पठन पाठन का किया शुभारंभ। कहा – भागलपुर में खुलेगा एआई और कम्प्यूटर विश्वविद्यालय।

02. राज्य मंत्रिपरिषद ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए बिहार ग्राम पंचायत कर, दर और शुल्क नियमावली दो हजार छब्बीस को मंजूरी दी।

03. सीतामढ़ी जिले के टकोर गांव से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार। पाकिस्तान से संपर्क की हुई पुष्टि।

04. और, नेपाल में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक नदी उफान पर। वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी छत्तीस फाटक खोले गए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।